**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्याः *351**

**उत्तर देने की तारीखः 25.03.2025**

**प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित गांव**

***351. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:**
**श्री शशांक मणि:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के तहत न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने वाले गांवों को विकसित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में उक्त योजना के अंतर्गत राज्यवार कितने गांवों का चयन किया गया है तथा किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है और कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

(ग) किसी गांव का 'आदर्श ग्राम' के रूप में मूल्यांकन करने के लिए निर्धारित विशिष्ट निगरानी योग्य संकेतक क्या हैं;

(घ) महाराष्ट्र के धुले और नंदुरबार जिलों में आदर्श ग्राम की सूची में कौन-कौन से गांव शामिल हैं; और

(ङ) धुले और नंदुरबार जिलों में चयनित गांवों में चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री**

**(डॉ. वीरेन्द्र कुमार)**

**(क) से (ङ):** विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है।

******

**प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित गांव के संबंध में एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी और श्री शशांक मणि द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 351 जिसका उत्तर 25.03.2025 को दिए जाने के लिए निर्धारित है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

**(क):** प्रधान मंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) का आदर्श ग्राम घटक, जो पहले प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) नाम से जानी जाती थी, अनुसूचित जाति बहुल गांवों के एकीकृत विकास के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। चयनित गांवों को 10 प्रभाव क्षेत्रों (डोमेन) अर्थात् पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें और आवासन, बिजली और स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियां, वितीय समावेशन, डिजिटलीकरण, आजीविका और कौशल विकास के अंतर्गत **संलग्नक-I** में दिए गए अभिचिह्नित 50 सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक संकेतकों के साथ परिपूर्ण किया जाता है।

**(ख):** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत 29,847 गांव अभिचिह्नित किए गए हैं, जिनमें से 11,022 गांव आदर्श ग्राम के रूप में घोषित किए गए हैं जिनमें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 38,883 कार्य कराए गए हैं और इन कार्यों से अनुसूचित जाति के 1,00,53,218 लोगों को लाभ मिला है। राज्य-वार सूची **संलग्नक-II** में दी गई है।

**(ग):** एक गांव का "आदर्श ग्राम" के रूप में मूल्यांकन करने के लिए 50 सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक निगरानी-योग्य संकेतकों की सूची **संलग्नक-I** में दी गई है।

**(घ) से (ङ):** महाराष्ट्र के धुले और नंदुरबार जिलों में आदर्श ग्राम घटक के अंतर्गत कोई भी गांव अभिचिह्नित नहीं किया गया है।

**संलग्नक-I**

**प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित गांव पर लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 351 के संबंध में संलग्नक**

**50 सामाजिक-आर्थिक विकासात्मक निगरानी-योग्य संकेतकों का विवरण निम्नानुसार है:**

| क्र.सं. | निगरानी-योग्य संकेतकों के प्रभाव क्षेत्र/विवरण |
|---|---|
| **1.** | **पेयजल और स्वच्छता** |
| 1.1 | क्या गांव को कवर करने के लिए पर्याप्त संधारणीय पेयजल स्रोत उपलब्ध हैं? (हां/नहीं) |
| 1.2 | स्वच्छ पेयजल सुविधा-युक्त परिवारों का % |
| 1.3 | अलग-अलग परिवार शौचालयों (आईएचएचएल) वाले परिवारों का % |
| 1.4 | क्या गांव में सभी स्कूलों और आंगनवाड़ियों में शौचालयों की व्यवस्था की गई है? (हां/नहीं) |
| 1.5 | क्या गांव में लोग अभी भी खुले में शौच करते हैं? (हां/नहीं) |
| 1.6 | सभी आंतरिक सड़कों के साथ जुड़ी नालियों का % |
| 1.7 | मौजूदा कार्यरत नालियों का % |
| 1.8 | ठोस एवं तरल अपशिष्ट का कारगर ढंग से निपटान करने का % |
| **2.** | **शिक्षा** |
| 2.1 | प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों, बालक और बालिकाएं (6-10 वर्ष) दोनों, की उपस्थिति का % |
| 2.2 | पूर्व-माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों, बालक और बालिकाएं (11-13 वर्ष) दोनों, की उपस्थिति का % |
| 2.3 | माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों, बालक और बालिकाएं (14-15 वर्ष) दोनों, की उपस्थिति का % |
| 2.4 | उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों, बालक और बालिकाएं (16-17 वर्ष) दोनों, की उपस्थिति का % |
| 2.5 | उच्चतर माध्यमिकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों, बालक और बालिकाएं (18-23 वर्ष) दोनों, की उपस्थिति का % |
| 2.6 | (स्कूल जाने वाले तथा पात्र छात्रों में से) मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले एससी छात्रों का % |
| 2.7 | (मैट्रिकोत्तर शिक्षा प्राप्त कर रहे और पात्र छात्रों में से) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले एससी छात्रों का % |
| **3.** | **स्वास्थ्य और पोषण** |
| 3.1 | किसी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत शामिल पात्र परिवारों का % |
| 3.2 | क्या कॉल करने पर आपातकालीन एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध है? (हां/नहीं) |
| 3.3 | उन गर्भवती महिलाओं का % जिनमें खून की गंभीर कमी है |
| 3.4 | पिछले एक वर्ष के दौरान गांव में संस्थागत प्रसूतियों का % |
| 3.5 | पिछले एक वर्ष के दौरान जन्मे कम वजन के नवजात बच्चों का % |
| 3.6 | बच्चों (< 1 वर्ष) के पूर्ण टीकाकरण का % |
| 3.7 | गांवों में कम वजन वाले बच्चों (0-5 वर्ष) का % |
| 3.8 | पिछले एक वर्ष के दौरान कितनी गर्भवती महिलाओं की मृत्यु हुई? |
| 3.9 | पिछले एक वर्ष के दौरान कितने बच्चों (< 1 वर्ष) की मृत्यु हुई? |
| 3.10 | प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार प्राप्त कर रहे संचारी रोग से पीड़ित व्यक्तियों का % |
| 3.11 | क्या सभी आंगनवाड़ियों का निर्माण कर लिया गया है? (हां/नहीं) |
| **4.** | **सामाजिक सुरक्षा** |
| 4.1 | विधवा पेंशन प्राप्त पात्र महिलाओं का % |
| 4.2 | वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त पात्र व्यक्तियों का % |
| 4.3 | दिव्यांगता पेंशन प्राप्त पात्र व्यक्तियों का % |
| **5.** | **ग्रामीण सड़कें और आवासन** |
| 5.1 | क्या गांव को हरेक मौसम में टिकने वाली सड़कों से जोड़ा गया है? (हां/नहीं) |

| | |
|---|---|
| 5.2 | आंतरिक सड़कों का % जिन पर सीसी/ब्रिक टॉप/पक्की/टाइलें लगाई गई हैं |
| 5.3 | कच्चे/असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों का % |
| **6.** | **बिजली और स्वच्छ ईंधन** |
| 6.1 | क्या गांव विद्युतीकृत कर दिया गया है? (हां/नहीं) |
| 6.2 | परिवारों का % जिन्हें बिजली के कनेक्शन दिए गए हैं। |
| 6.3 | परिवारों का % जो कम से कम एक एलईडी बल्ब का इस्तेमाल कर रहे हैं |
| 6.4 | परिवारों का % जिन्हें गैस कनेक्शन दिए गए हैं |
| 6.5 | आंतरिक सड़कों का % जिन पर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं |
| **7.** | **कृषि पद्धतियां आदि** |
| 7.1 | पात्र किसानों का % जिन्हें सॉयल हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए हैं |
| 7.2 | अपनाई गई जैविक खेती पद्धतियों की प्रमात्रा (% में) |
| 7.3 | अपनाई गई गई जल संरक्षण प्रबंधन पद्धतियों की प्रमात्रा (% में) |
| **8.** | **वित्तीय समावेशन** |
| 8.1 | आधार पहचान वाली ग्रामीण जनसंख्या (>5 वर्ष) का % |
| 8.2 | बैंकों/डाकघरों में खाते रखने वाले परिवारों का % |
| 8.3 | प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत शामिल पात्र व्यक्तियों का % |
| 8.4 | प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत शामिल पात्र व्यक्तियों का % |
| **9.** | **डिजिटलीकरण** |
| 9.1 | क्या गांव में इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त है? (हां/नहीं) |
| 9.2 | क्या गांव में कॉमन सर्विस सेंटर या साइबर कैफे की सुविधा उपलब्ध है? (हां/नहीं) |
| 9.3 | ऐसे पात्र व्यक्तियों का % जो डिजिटल रूप से जानकार हैं |
| **10.** | **आजीविका और कौशल विकास** |
| 10.1 | कौशल विकास कर रहे पात्र युवाओं का % |
| 10.2 | पात्र युवाओं का % जो बैंक से जुड़ा ऋण प्राप्त कर सके हैं |
| 10.3 | उन परिवारों का % जिनका कम से कम एक सदस्य किसी स्वयं सहायता-समूह (एसएचजी) का सदस्य है |

**संलग्नक-II**

**प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित गांव पर लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 351 के संबंध में संलग्नक**

| क्र. सं. | राज्य | कुल जिले | अभिचिह्नित कुल गांव | घोषित आदर्श ग्राम | आदर्श ग्राम गांवों में शामिल एससी जनसंख्या | निष्पादित कार्यों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 25 | 1026 | 229 | 2,28,094 | 427 |
| 2 | असम | 33 | 655 | 117 | 1,30,855 | 887 |
| 3 | छत्तीसगढ | 23 | 909 | 630 | 5,08,646 | 3100 |
| 4 | दिल्ली | 1 | 2 | 0 | 0 | 3 |
| 5 | गुजरात | 16 | 56 | 25 | 16,393 | 212 |
| 6 | हरियाणा | 22 | 637 | 57 | 64,928 | 206 |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 11 | 450 | 330 | 2,00,948 | 1653 |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 10 | 357 | 223 | 1,83,136 | 166 |
| 9 | झारखंड | 23 | 989 | 8 | 6740 | 82 |
| 10 | कर्नाटक | 29 | 1723 | 764 | 7,36,821 | 6695 |
| 11 | केरल | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 51 | 1690 | 1223 | 7,67,710 | 5299 |
| 13 | महाराष्ट्र | 27 | 515 | 260 | 1,49,572 | 844 |
| 14 | मणिपुर | 5 | 20 | 16 | 29,815 | 65 |
| 15 | मेघालय | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | ओडिशा | 30 | 1393 | 806 | 5,79,638 | 6214 |
| 17 | पुडुचेरी | 2 | 18 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | पंजाब | 23 | 3293 | 184 | 2,97,341 | 117 |
| 19 | राजस्थान | 32 | 2009 | 1027 | 7,49,890 | 3858 |
| 20 | तमिलनाडु | 37 | 2918 | 2913 | 32,72,812 | 6499 |
| 21 | तेलंगाना | 31 | 349 | 44 | 28,236 | 371 |
| 22 | त्रिपुरा | 8 | 62 | 30 | 71,735 | 305 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 75 | 10384 | 1951 | 18,92,385 | 1354 |
| 24 | उत्तराखंड | 13 | 384 | 185 | 1,37,523 | 526 |
| | **कुल** | **531** | **29,847** | **11,022** | **1,00,53,218** | **38,883** |

*****